प्रश्न पुस्तिका खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
**Without opening the Question Booklet take out answer sheet from this side.**

परीक्षा का वर्ष : **2022**

# CES-01

प्रश्न-पुस्तिका

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

## सामान्य हिन्दी

## GENERAL HINDI

समय : **2:00** घंटे
पूर्णांक : **100**

**Time : 2:00 Hours**
**Maximum Marks : 100**

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
3. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा** उत्तर-पत्रक **का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।**
4. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं, प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें।**
6. सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है और प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
7. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपको अपने सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक **(O.M.R. Answer Sheet)** के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए **गलत** उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
10. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति को मूल रूप में अन्तरीक्षक (Invigilator) को वापस लौटा दें, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
11. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
12. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
13. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें, यदि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड की ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका पॉलिपैक्ड/सीलबंद न हों अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## सामान्य हिन्दी

1. 'ऊधो का लेना न माधो को देना' कहावत का अर्थ है
   (a) लेन-देन में साफ रहना
   (b) भक्तिभाव से दूर रहना
   (c) अपने काम से काम रखना
   (d) हिसाब साफ रखना

2. 'तन पर नहीं लत्ता, पान खाए अलबत्ता' का अर्थ है :
   (a) बुरी आदत में पड़ना
   (b) झूठा दिखावा करना
   (c) रोब डालना
   (d) बहुत गरीब होना

3. हिन्दी का सर्वप्रथम प्रकाशित पत्र है
   (a) नागरी प्रचारिणी पत्रिका
   (b) सम्मेलन पत्रिका
   (c) सरस्वती
   (d) उदन्त मार्तण्ड

4. निम्नांकित में से कौन सा शब्द देशज नहीं है ?
   (a) खटिया (b) खुरपी (c) साइकिल (d) हँसुआ

5. निम्नांकित में से कौन सा कथन सही है ?
   (a) समास में वर्णों का मेल होता है ।
   (b) सन्धि में पदों का मेल होता है ।
   (c) सन्धि में वर्णों के मेल से विकार उत्पन्न होता है ।
   (d) समास में पदों का विच्छेद होता है ।

6. यह, वह, उसने, उन्होंने – इन शब्दों को क्या कहा जाता है ?
   (a) विशेषण (b) सर्वनाम (c) संज्ञा (d) उपसर्ग

7. निम्नलिखित शब्दों में से कौन कारक का एक प्रकार नहीं है ?
   (a) करण (b) कर्म (c) क्रिया (d) कर्ता

8. 'पर्यावरण' शब्द का सन्धि-विच्छेद किस रूप में होगा ?
   (a) पर्य + आवरण (b) पर्या + वरण (c) परिया + वरण (d) परि + आवरण

9. 'खद्योत' का अर्थ है
   (a) तारा (b) खरगोश (c) जुगनू (d) गधा

10. जो लिंग, विभक्ति या वचन आदि के अनुसार परिवर्तित न हो, वह क्या कहलाता है ?
   (a) समास (b) अव्यय (c) प्रत्यय (d) उपसर्ग

11. 'उन्नति' शब्द में कौन सी सन्धि है ?
   (a) व्यंजन सन्धि (b) स्वर सन्धि (c) विसर्ग सन्धि (d) इनमें से कोई नहीं

12. किसी के कहे गये कथन को व्यक्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन से चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
   (a) आदेश चिह्न (b) योजक चिह्न (c) उद्धरण चिह्न (d) प्रश्नवाचक चिह्न

13. 'यहाँ बैठा नहीं जाता' में कौन सा वाच्य है ?

(a) भाववाच्य (b) कर्तृवाच्य (c) कर्मवाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

14. निम्नांकित में से कौन सा शब्द 'कटाक्ष' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) व्यंग्य (b) आलोचना (c) आक्षेप (d) छींटाकशी

15. 'हाथों-हाथ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(a) बहुत जल्दी (b) साथ-साथ (c) लड़ाई (d) दोनों हाथों से

16. 'बाहर कोई खड़ा है', वाक्य में कौन सा सर्वनाम है ?

(a) निजवाचक (b) सम्बन्धवाचक (c) पुरुषवाचक (d) अनिश्चयवाचक

17. निम्नलिखित शब्दों में से 'तत्सम' शब्द चुनिए :

(a) आँसू (b) चूड़ी (c) गलीचा (d) सुन्दर

18. निम्नांकित शब्दों में से कौन सा शब्द 'प्र' उपसर्ग युक्त है ?

(a) प्रतिकूल (b) प्रत्यक्ष (c) प्रत्याशा (d) प्राचार्य

19. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अप' उपसर्ग नहीं है ?

(a) अपमान (b) अपरोक्ष (c) अपशब्द (d) अपहरण

20. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) उज्ज्वल (b) संन्यासी (c) महत्व (d) ईर्ष्या

21. निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(a) वर्ण और अक्षर में कोई भेद नहीं है ।
(b) 'शब्द' जब वाक्य में प्रयुक्त होता है तो 'पद' कहलाता है ।
(c) शब्द को 'शब्दरूप' भी कह सकते हैं ।
(d) व्याकरणिक नियमों में बँधने पर वाक्य में प्रयुक्त शब्द की स्वतन्त्रता समाप्त नहीं होती ।

22. समास-रचना-प्रक्रिया में 'समस्त पद' किसे कहते हैं ?

(a) प्रयुक्त दो शब्द या पदों में पहला पद ।
(b) प्रयुक्त दो शब्द या पदों में दूसरा पद ।
(c) पूर्वपद तथा उत्तरपद के संयोग से बना नया शब्द ।
(d) इनमें से कोई नहीं ।

23. 'कौमुदी' किसका पर्यायवाची है ?

(a) धूप (b) वर्षा (c) कमलिनी (d) चाँदनी

**24.** 'अम्बर–पनघट में डुबो रही तारा–घट ऊषा–नागरी' में कौन सा अलंकार है ?

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा (c) रूपक (d) उत्प्रेक्षा

**25.** दस वर्षों का समूह क्या कहलाता है ?

(a) शताब्दी (b) सहस्राब्दी (c) दशाब्दी (d) शतक

**26.** 'अनीक' का तात्पर्य है

(a) वन (b) सेना (c) अवनि (d) सुरपति

**27.** 'जिसका कोई शत्रु पैदा ही नहीं हुआ हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) आजानुबाहु (b) अज्ञातशत्रु (c) अजातशत्रु (d) अजातपूर्व

**28.** 'जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना हो' वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

(a) उपमा (b) उत्प्रेक्षा (c) रूपक (d) संदेह

**29.** 'सब कुछ जानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) मर्मज्ञ (b) अल्पज्ञ (c) सर्वज्ञ (d) सर्वस्व

**30.** 'साकार' शब्द का विलोम है

(a) आकार (b) विकार (c) अनाकार (d) निराकार

**31.** निम्नलिखित में से 'घर' का पर्यायवाची नहीं है :

(a) गृह (b) आलय (c) ग्रह (d) सदन

**32.** निम्नलिखित शब्दों में से 'यण' सन्धि का उदाहरण है :

(a) यद्यपि (b) निष्फल (c) शिवालय (d) महोत्सव

**33.** 'उसने कुछ नहीं खाया' वाक्य में 'कुछ' है

(a) निजवाचक सर्वनाम (b) निश्चयवाचक सर्वनाम

(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**34.** 'पुष्प की अभिलाषा' नामक प्रसिद्ध कविता किसने लिखी है ?

(a) रामनरेश त्रिपाठी (b) माखनलाल चतुर्वेदी

(c) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (d) मैथिलीशरण गुप्त

**35.** संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?

(a) विशेषण (b) क्रिया (c) समास (d) सर्वनाम

**36.** निम्नलिखित में से उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

'अजय तो ……… है, पढ़ाई के अलावा वह कुछ नहीं करता ।'

(a) जी चुराना (b) ढिंढोरा पीटना (c) घोड़े बेचकर सोना (d) किताबी कीड़ा होना

37. ‘आँख रखना’ मुहावरे का अर्थ है

(a) आँख दिखाना (b) आँख-मिचौली खेलना

(c) आँख मिलाना (d) निगरानी रखना

38. हिन्दी साहित्य के किस काल को ‘स्वर्णयुग’ कहा जाता है ?

(a) आदिकाल (b) भक्तिकाल (c) रीतिकाल (d) आधुनिककाल

39. ‘हाथ कंगन को आरसी क्या’ का अर्थ है

(a) बिलकुल पढ़ा-लिखा न होना । (b) विद्वान् को धन की आवश्यकता नहीं ।

(c) सुन्दर महिला को आभूषणों की जरूरत नहीं । (d) प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं ।

40. ‘उसने पुस्तक पढ़ी है’ – इस वाक्य में काल है

(a) सामान्य भूतकाल (b) सामान्य वर्तमानकाल

(c) आसन्न भूतकाल (d) सन्दिग्ध भूतकाल

41. प्रेरणार्थक क्रिया है

(a) चलना (b) उड़ना (c) भागना (d) चलवाना

42. ‘दोहा’ किस प्रकार का छन्द है ?

(a) मात्रिक (b) वर्णिक (c) प्रगाथ (d) इनमें से कोई नहीं

43. ‘लालटेन’ शब्द किस भाषा का अपभ्रष्ट रूप है ?

(a) संस्कृत का (b) फारसी का (c) तुर्की का (d) अंग्रेजी का

44. करुण रस का स्थायीभाव है

(a) शोक (b) क्रोध (c) वैराग्य (d) भय

45. निम्नलिखित में से लोकोक्ति का चयन कीजिए :

(a) घर का भेदी लंका ढावे । (b) रंग में भंग पड़ना ।

(c) तिल का ताड़ बनाना । (d) अँधेरे में तीर मारना ।

46. निम्नलिखित में से देशज शब्द कौन सा है ?

(a) शकुन (b) सर्प (c) क्षण (d) अक्खड़

47. निम्नांकित में से ‘अग्नि’ का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) हुताशन (b) कृशानु (c) यातुधान (d) वैश्वानर

48. निम्नांकित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(a) हमारे यहाँ तरुण नवयुवक शिक्षा पाते हैं । (b) हमारे यहाँ नवयुवक शिक्षा पाते हैं ।

(c) हमारे यहाँ नवतरुण शिक्षा पाते हैं । (d) हमारे यहाँ शिक्षा नवतरुण पाते हैं ।

49. निम्नांकित में से कौन सा शब्द सम्बन्धवाचक संज्ञा नहीं है ?

(a) नौनिहाल (b) ससुराल (c) भतीजा (d) मामा

**50.** निम्नांकित शब्दों में से अर्थ की दृष्टि से भिन्न शब्द छाँटिए :
(a) लक्ष्य (b) उद्देश्य (c) उत्कर्ष (d) निशाना

**51.** निम्नलिखित में से अधिकरण कारक का चिह्न कौन सा है ?
(a) ने (b) के (c) को (d) में

**52.** निम्नांकित में से अशुद्ध शब्द है :
(a) आपादमस्तक (b) अनाधिकार (c) हृदय विदारक (d) परित्यक्ता

**53.** शारीरिक पीड़ा के लिए प्रयुक्त शब्द है
(a) व्याधि (b) आधि (c) व्यथा (d) यातना

**54.** पश्चिमी हिन्दी का विकास निम्नलिखित में से किस अपभ्रंश से हुआ ?
(a) मागधी (b) अर्द्धमागधी (c) शौरसेनी (d) पैशाची

**55.** निम्नलिखित में से कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है ?
(a) खड़ी बोली (b) छत्तीसगढ़ी (c) हरियाणवी (d) बुन्देली

**56.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द छाँटिए :
(a) सूरज (b) पत्थर (c) सर्प (d) कान

**57.** 'सप्तर्षि' शब्द का सन्धि–विच्छेद होगा
(a) सप्त + ऋषी (b) सत् + ऋषि (c) सप्त + ऋर्षि (d) सप्त + ऋषि

**58.** 'अ' वर्ण का उच्चारण स्थान है :
(a) कण्ठ (b) तालु (c) मूर्धा (d) दंत

**59.** निम्नांकित में से शुद्ध वाक्य चुनिए :
(a) हमारी बहिन विदुषी है । (b) गीता सबसे श्रेष्ठतम ग्रन्थ है ।
(c) वह लोग आ गए हैं । (d) वह हँसी से टाल गया ।

**60.** 'प्रियप्रवास' किस कवि की प्रसिद्ध कृति है ?
(a) श्यामनारायण पाण्डेय (b) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(c) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (d) पं. माखनलाल चतुर्वेदी

**61.** 'घी' शब्द का तत्सम रूप है
(a) मक्खन (b) नवनीत (c) घृत (d) घ्रत

**62.** 'विशेषज्ञ' का अर्थ है
(a) विषय की व्याख्या करने वाला । (b) विषय को विशेष रूप से जानने वाला ।
(c) विषय को आत्मसात करने वाला । (d) विषय का शौक रखने वाला ।

63. ‘अनेक’ शब्द है

(a) एकवचन (b) बहुवचन (c) द्विवचन (d) इनमें से कोई नहीं

64. ‘सज्जन’ शब्द का विलोम है

(a) दुष्ट (b) असज्जन (c) कपटी (d) दुर्जन

65. ‘पौ बारह होना’ है

(a) मुहावरा (b) पद (c) पदबन्ध (d) लोकोक्ति

66. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द अनिश्चित संख्यावाची विशेषण है ?

(a) पचास (b) तिगुना (c) आधा (d) दसियों

67. इस विरामचिह्न ; का नाम क्या है ?

(a) पूर्णविराम (b) अल्पविराम (c) अर्द्धविराम (d) उपविराम

68. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में उपसर्ग एवं प्रत्यय दोनों जुड़े हैं ?

(a) भारतीय (b) भूखा (c) मित्रता (d) उपकारक

69. ‘आलोचना करने वाला’ वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) आलोच्य (b) आलोचक (c) आलोचना (d) समीक्षा

70. ‘बिनु पद चलै सुनै बिनु काना’ – पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?

(a) विभावना (b) विशेषोक्ति (c) विरोधाभास (d) अतिशयोक्ति

71. निम्नलिखित में से गुणवाचक विशेषण छाँटिए :

(a) थोड़ा (b) चारगुना (c) कुरूप (d) प्रत्येक

72. ‘सत्याग्रह’ का सन्धि-विच्छेद होगा :

(a) सत्य + आग्रह (b) सत्या + ग्रह (c) सत्य + ग्रह (d) सत् + आग्रह

73. ‘दरिद्रता’ निम्नलिखित में से किस संज्ञा भेद का उदाहरण है ?

(a) व्यक्तिवाचक का (b) जातिवाचक का (c) समूहवाचक का (d) भाववाचक का

74. ‘आटे दाल का भाव मालूम होना’ का अर्थ है

(a) महँगाई बढ़ जाना
(b) अच्छे दिन आना
(c) वास्तविक कष्ट का पता लगना
(d) रोजगार में वृद्धि होना

75. ‘निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल’ – किस प्रसिद्ध कवि की काव्यपंक्ति है ?

(a) प्रताप नारायण मिश्र
(b) भवानी प्रसाद मिश्र
(c) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**76.** कौन सा शब्द 'ऊँचा' का पर्यायवाची है ?

(a) उत्तुंग (b) ओज (c) तीक्ष्ण (d) अग्र

**77.** 'चमकीला' शब्द में प्रत्यय है :

(a) ईला (b) इला (c) आ (d) कीला

**78.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?

(a) अनिल – हवा (b) अभिराम – अविराम

(c) अनुसरण – पीछे चलना (d) अस्तु – अच्छा

**79.** 'तरणि' का अर्थ सूर्य है, तो 'तरणी' का क्या अर्थ है ?

(a) नाव (b) नदी (c) धाम (d) सागर

**80.** हिन्दी में स्पृष्ट व्यंजनों के कितने वर्ग हैं ?

(a) चार (b) पाँच (c) छ: (d) तीन

**81.** निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है ?

(a) आशीर्वाद (b) दीपावली (c) पितांबर (d) अत्यधिक

**82.** निम्नांकित में से संयुक्त व्यंजन है :

(a) क (b) ण (c) ड़ (d) ज्ञ

**83.** देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है ?

(a) खरोष्ठी से (b) ब्राह्मी से (c) शारदा से (d) चित्रलिपि से

**84.** निम्नलिखित में से 'वागीश' का उपयुक्त सन्धि-विच्छेद होगा

(a) वाक् + ईश (b) वाग् + ईश (c) वाक + ईश (d) वा + गीश

**85.** निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) अनुग्रहित (b) अनुग्रहीत (c) अनुगृहीत (d) अनुगृहित

**86.** 'संवाद' का सही अर्थ है :

(a) कहासुनी (b) बातचीत (c) तकरार (d) वाद-विवाद

**87.** निम्नांकित शब्दों में से सन्धि की दृष्टि से कौन सा विच्छेद शुद्ध नहीं है ?

(a) उन् + मेष (b) नि: + चल (c) महा + इन्द्र (d) यदि + अपि

**88.** निम्नांकित में से किस शब्द का वर्तनी विश्लेषण गलत है ?

(a) श्रीमान – श् + र् + ई + म् + आ + न् + अ

(b) चिह्न – च् + इ + ह् + न् + अ

(c) धैर्य – ध् + ऐ + र् + य् + अ

(d) हृदय – ह् + र् + इ + द् + अ + य

**89.** 'बंधन' शब्द की शुद्ध वर्तनी होगी

(a) ब + ङ + ध + न
(b) ब + न + ध + न्
(c) ब् + अ + न् + ध् + अ + न् + अ
(d) ब् + अ + ञ् + ध् + न् + अ

**90.** 'रामावतार' शब्द में कौन सी सन्धि है ?

(a) दीर्घ सन्धि (b) गुण सन्धि (c) अयादि सन्धि (d) वृद्धि सन्धि

**91.** 'अष्टाध्यायी' शब्द में कौन सा समास है ?

(a) द्वन्द्व (b) तत्पुरुष (c) कर्मधारय (d) द्विगु

**92.** निम्नांकित में 'पहाड़' का पर्यायवाची है :

(a) उपल (b) भूधर (c) प्रस्तर (d) शिला

**93.** निम्नांकित में से किस शब्द में भाववाचक संज्ञा है ?

(a) रामायण (b) कोयल (c) पीतल (d) मिठास

**94.** 'निरूपण' में उपसर्ग है

(a) निर् (b) निर (c) नि (d) नी

**95.** निम्नांकित में विदेशी शब्द है :

(a) कुर्ता (b) सूरज (c) हाथ (d) श्वसुर

**96.** निम्नांकित में शुद्ध वर्तनी है :

(a) स्रष्टी (b) सृष्टी (c) सृष्टि (d) सृष्ठि

**97.** 'पेड़ से पत्ता गिरता है' में कारक है

(a) कर्ता (b) कर्म (c) करण (d) अपादान

**98.** निम्नलिखित में से अंतस्थ व्यंजन नहीं है :

(a) त (b) य (c) ल (d) व

**99.** निम्नांकित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(a) यह वही व्यक्ति है जो परसों बाज़ार में मिला था ।
(b) उसके हाथ में जो पुस्तक है, वह मेरी है ।
(c) मुझे दिल्ली जाना है ।
(d) यह लोग अच्छे आदमी हैं ।

**100.** निम्नांकित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :

(a) सौन्दर्य (b) मुनि (c) क्षत्रिय (d) पुज्य

---

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL CONFIDENTIAL